<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–18.08.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

1. **डीजीपी अनुराग गुप्ता को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका खारिज, नियुक्ति को दी थी चुनौती।**
2. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, खूंटी और लातेहार से छह नक्सली गिरफ्तार।**
3. **राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर रांची के दो हजार से ज्यादा स्कूलों में एक साथ हुई श्रद्धांजलि सभा, शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को किया गया याद।**
4. **22 अगस्त से चार सितंबर तक होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर रांची में उपायुक्त ने की महत्वपूर्ण बैठक, कर्नल विकास भोला ने कहा–पारदर्शी और निष्पक्ष होगी भर्ती प्रक्रिया।**
**और**
5. **15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड ने अपने दूसरे मैच में महाराष्ट्र को 5–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश।**

*******************

सुप्रीम कोर्ट ने आज झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अनजारिया की पीठ ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका खारिज कर दी। श्री मरांडी ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में दिए गए दिशा–निर्देशों के खिलाफ की गई है।

*******************

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सी पी राधाकृष्णन झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं। इस कारण उन्हें एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने से झारखंड में भी उत्साह है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद निशिकांत दुबे, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा समेत कई नेताओं ने श्री राधाकृष्णन को बधाई दी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें उम्मीदवार बनाकर काफी अच्छा कदम उठाया है।

भाजपा के मुख्य सचेतक और हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने भी श्री राधाकृष्णन को शुभकामनाएं दी हैं।

रांची के विधायक सीपी सिंह ने सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी से प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियार और कारतूस समेत कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

उधर, लातेहार जिले में भी नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध मे एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि दोनों उग्रवादियों के खिलाफ लातेहार थाना में कई मामले दर्ज हैं।

*******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के तमाम उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि खाद्य आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में यह सुनिश्चित करें कि कोई योग्य लाभुक उससे वंचित नहीं रहे। वे आज रांची में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर समीक्षा बैठक कर रही थीं। उन्होंने मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटाने के निर्देश दिये, ताकि नये लाभुक जोड़े जा सकें।

*******************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद उनके पास के विभागों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास रख लिया है। गौरतलब है कि दिवंगत रामदास सोरेन के पास स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग था। अब ये विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास रहेंगे। इसको लेकर सरकार की प्रधान सचिव वंदना दाडेल ने अधिसूचना जारी कर दी है।

*******************

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड–सीसीएल में आज सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने की। यह अभियान 17 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में निदेशक मानव संसाधन हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

*******************

धनबाद जिले के टुंडी के पोखरिया आश्रम में टुंडी विधायक मथुरा महतो और टुंडी जेएमएम कमिटी द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर श्राद्ध भोज का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो और पेयजल एवं मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मौके पर नए आश्रम भवन का उद्घाटन विधानसभा स्पीकर और मंत्री ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही शिबू सोरेन की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री महतो ने कहा कि पोखरिया आश्रम को बेहतर तरीके से विकसित करने का काम करेंगे।

*******************

राज्य के शिक्षा मंत्री  रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर रांची जिले के सभी स्कूलों में गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई। जिला उपायुक्त के निर्देश पर आज जिले के सभी 2 हजार 128 स्कूलों में एक साथ श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि दी।

*******************

झारखंड में इस साल की सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 4 सितंबर तक रांची में होने वाली है। इसे लेकर आज रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में सेना भर्ती निदेशक कर्नल विकास भोला समेत जिला प्रशासन और पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कर्नल विकास भोला ने कहा कि इस भर्ती रैली का मकसद है कि झारखंड के अधिक से अधिक युवा सेना में शामिल हों और अपने भविष्य को बेहतर बनाएं।

*******************

राज्य में एक बार फिर मानसून सक्रिय होता दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है।

*******************

पंजाब के जालंधर में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप में झारखंड हॉकी टीम ने आज अपने दूसरे मैच में महाराष्ट्र को 5–0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। झारखंड अपने पहले मैच में उत्तरप्रदेश से पराजित हो गई थी। परंतु आज शानदार प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। आज के मैच में झारखंड टीम की ओर से एडिसन मिंज ने 3 गोल किये जबकि ग्लेडशन भेंगरा और रोशन एक्का ने एक एक गोल किया।

***************